तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 13 नवंबर 2025





कलश यात्रा के साथ शुरु हुआ महालक्ष्मी पूजन




## खबर संक्षेप



### 153 बोरी में 61 क्विंटल अवैध धान जब्त

**सारंगढ़।** जांच दल द्वारा सारंगढ़ मंडी क्षेत्र में व्यापारी दिलीप कुमार साहू भौरादादर के दुकान में भंडारित मात्रा 153 बोरी 61.20 क्विंटल अवैध धान होने के कारण मंडी अधिनियम के तहत जप्ति प्रकरण बनाया गया। इस जांच टीम में मंडी सचिव राजेन्द्र कुमार ध्रुव, उप निरीक्षक प्रीति तिर्की, अंजू दिनक, धवेंद्र कुमार साहू एवं जगदीश बरेठ शामिल थे।

### दिव्यांगजन पुरस्कार के लिए 19 तक आवेदन

**रायगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक व्यक्ति एवं संस्था 19 नवम्बर तक अपना आवेदन कार्यालय उप संचालक समाज कल्याणए रायगढ़ में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। उप संचालक समाज कल्याण ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 3 दिसम्बर अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। दिव्यांगजनों का सामाजिक समावेशन एवं उन्हें अधिकार आधारित प्रोत्साहन के लिये यह योजना संचालित है। जिला अंतर्गत उत्कृष्ट दिव्यांग कर्मचारियों, दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाली स्वैच्छिक संस्थाओं, नियोक्ताओं के अतिरिक्त सर्वोत्तम जिला संदर्भ में आवेदन प्राप्त किया जाना है। जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ प्रत्येक संदर्भ की उत्कृष्ट प्रविष्टियां योग्य व्यक्तिए संस्थाए नियोक्ता एवं जिला को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर सम्मानित किये जाने का प्रावधान है।

### ज्वेलरी शॉप से 36 लाख के जेवरात पार

**खरौद।** खरौद स्थित ज्वेलरी दुकान से दिनदहाड़े 36 लाख रुपए के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 10 नवंबर की दोपहर 3 बजे सुकुल पारा खरौद, थाना शिवरीनारायण मे एस के ज्वेलरी शॉप मे लाल बैग वाले आदमी द्वारा सोने की चेन देखने के दोरान कुछ सोने की चैन वाला डिब्बा उठाकर भाग गया। इस दौरान एक आदमी बाइक मे बाहर था। खरौद नगर में स्थित एस के ज्वेलर्स की दुकान पर सोमवार को दिनदहाड़े दो शातिर युवकों ने ग्राहक बनकर प्रवेश किया और मौका पाते ही 36 लाख रुपये की सोने की चेन से भरा डिब्बा लेकर फरार हो गए। यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। एसकेज्वेलर्स के संचालक ने पुलिस को बताया कि दोपहर करीब 3 बजे दो युवक उनकी दुकान पर सोने का सामान खरीदने के बहाने आए। उन्होंने पहले कुछ छोटी-मोटी चीजें देखीं और खरीदीं, जिससे दुकानदार का विश्वास जीता। दुकानदार ने जैसे ही चेन से भरा डिब्बा बाहर निकाला। दुकानदार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### नाबालिग को भगाने में किया सहयोग, आरोपी गिरफ्तार

**बाराद्वार ।** नाबालिग को भगाने में सहयोग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बाराद्वार थाना का है। इस संबंध में बाराद्वार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता से दुराचार करने वाले आरोपी देवराज उर्फ धीरज चौहान पिता ताम्रध्वज चौहान उम्र 20 साल निवासी वार्ड क्रमांक 2 मल्दा थाना कसडोल को 16 अक्टूबर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था ।

सबसे दिलचस्प, शहर से लगे गांव बेलरिया, पटेलपाली, बनसिया के बच्चों का भी स्कूल से हो गया मोहभंग

# सर्वे में सामने आए 40 ड्राप आउट छात्र, अपने परिवार के साथ 10 बच्चे कर गए पलायन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले से पलायन नहीं होने का प्रशासन चाहे लाख दावा कर ले, लेकिन इस हकीकत को झुठलाना इतना आसान नहीं है। यहां से कमाने-खाने के नाम पर कोई झारखंड, आंध्रा तो कोई जम्मु काश्मीर, मुबई चले जाते हैं। यह हम नहीं बल्कि सर्व शिक्षा अभियान का सर्वे कह रहा है। इस साल ड्राप आउट बच्चों का जब सर्वे हुआ तो यह मामला सामने आया। इस दौरान 40 बच्चों का चिंहांकन किया गया। इसमें 30 बच्चों को तो मेन स्ट्रीम में लाने का दावा किया जा रहा है, लेकिन 10 बच्चे ऐसे हैं जो अपने परिवार के साथ झारखंड, आध्र प्रदेश, जम्मु काश्मीर और मुंबई पलायन कर गए हैं। यह रिपोर्ट संबंधित ब्लॉक के बीईओ को ओर से दी गई है। इसी रिपोर्ट को विभाग की ओर से शासन को भेजी गई है।

जून-जुलाई में जब स्कूल खुलता है तो बच्चों का एडमिशन प्रक्रिया भी चालू होती है। इस दौरान अधिकांश बच्चों का प्रवेश तो हो जाता है, लेकिन कुछ ऐसे बच्चे भी होते हैं जिनका स्कूल से मोहभंग हो जाता है। ऐसे बच्चों का सर्वे करने के बाद उनको भी न स्ट्रीम लाने की कोशिश की जाती है। ऐसे ही इस साल सर्वे किया गया तो करीब 40 ड्राप आउट बच्चे सामने आए। उसमें से 30 बच्चे तो इस जिले अलावा अन्य जिलों में प्रवेश लेकर पढ़ाई कर रहे हैं, लेकिन 10 बच्चे पलायन कर गए हैं। इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। इसमें खास और दिलचस्प बात यह है कि ड्राप आउट में अपनें परिवार के साथ पलायन करने वाले 10 बच्चे शहर के आसपास के ही गांव के हैं। जबकि शहर और शहर के आसपास के गांवों में अधिकारियों की नजर रहती है। इसमें बेलरिया के चार, पटेलपाली के एक और बनसिया के एक बच्चा शामिल है। साथ ही खरसिया ब्लॉक के गांव बड़े देवगांव के दो बच्चे शामिल हैं। ये बच्चे अपने परिवार के साथ कमाने-खाने के लिए यहां से पलायन कर गए हैं।

### कोई गया झारखंड तो कोई चला गया आंध्रा, मुंबई और जम्मू कश्मीर भी पहुंच गए काम करने



### स्कूल की ओर नहीं देखा 9 साल से

जो बच्चे ड्राप आउट याने स्कूल छोड़ने वाले हैं वे करीब 9 साल से स्कूल की ओर नहीं देखा है। इसमें कोई पहली कक्षा की पढ़ाई करने के बाद स्कूल छोड़ दिया तो कोई पांचवी-छठवीं की पढ़ाई करने के बाद छोड़ दिया था। स्कूल छोड़ने की इनकी क्या मजबूरी रही होगी यह तो बच्चे ही जाने, लेकिन आज जब शिक्षा हर किसी के लिए जरुरी है तो इन बच्चों का स्कूल छोड़ना शिक्षा व्यवस्था पर सवाल जरुर है। दूसरी ओर ड्राप आउट बच्चों में अधिकांश आदिवासी वर्ग के हैं।

### दी जाती है ट्रेनिंग

आउट ऑफ स्कूल (शाला से बाहर) के बच्चों को मेन स्ट्रम में जोड़ने के लिए ट्रेनिंग भी दी जाती है। इन बच्चों को एनआरएसटीसी प्रशिक्षण केंद्रों में ट्रेनिंग दी जाती है। हालांकि जिले में ऐसे बच्चों को मेन स्ट्रीम में जोड़ने का हवाला देकर ट्रेनिंग सेंटर की जरुरत नहीं होने की बात कही गई है।

**कहां कितने ड्राप आउट**

| ब्लॉक | संख्या |
|---|---|
| रायगढ़ | 06 |
| लैलूंगा | 02 |
| खरसिया | 16 |
| घरघोड़ा | 02 |
| धरमजयगढ़ | 13 |

### अधिकारियों ने किया आंबा केंद्रों का निरीक्षण

**रायगढ़।** जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने और हर परिवार को सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारीए जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा जिला टीकाकरण अधिकारी ने आज रायगढ़ शहर स्थित गांधीनगर.1 एवं सिंघल सॉ मिल के आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में निर्धारित दिवस पर 100 प्रतिशत टीकाकरण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करने के लिए कहा गया है। अधिकारियों ने महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण कार्य की प्रगति का अवलोकन किया तथा उपस्थित विभागीय अमलों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि सभी गर्भवती माताओंए शिशुवती महिलाओं तथा 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों को नियमित रूप से टीकाकरण सुविधा प्राप्त हो रही है।

## प्रताड़ना से तंग विवाहिता ने की थी आत्महत्या, आरोपी पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

पति की प्रताड़ना से परेशान होकर एक विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मामला थाना घरघोड़ा क्षेत्र के ग्राम कोटरीमाल का है, जहां बसंतपुर धरमजयगढ़ निवासी 28 वर्षीय श्रीमती आसंमोती उर्फ दिला बिरहोर ने 9 नवंबर की दोपहर आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



मर्ग जांच में पाया कि मृतिका को उसका पति सुंता बिरहोर आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करता था। साक्ष्य मिलने पर घरघोड़ा पुलिस ने आरोपी पति के विरुद्ध आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण का अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है।

जांच में यह तथ्य सामने आया कि वर्ष 2019 में सुंता बिरहोर और मृतिका दिला बिरहोर के बीच प्रेम संबंध के बाद विवाह हुआ था। विवाह के बाद दोनों कुछ वर्ष तक बसंतपुर में साथ रहेए इस दौरान उनके एक पुत्र का जन्म हुआ। पुत्र के जन्म के बाद पति.पत्नी के बीच विवाद बढ़ा और सुंता बिरहोर अपनी पत्नी और बच्चे को छोड़कर अपने गांव कोटरीमाल लौट गया तथा लगभग चार वर्षों तक पत्नी से अलग रहा। अक्टूबर 2025 में दीपावली के पहले वह पत्नी को वापस अपने साथ ले गया, परंतु घरेलू कलह और मारपीट की प्रवृत्ति में कोई बदलाव नहीं आया। घटना वाले दिन सुबह भी सुंता बिरहोर ने अपनी पत्नी के साथ झगड़ा कर मारपीट की थी। उसी दिन दोपहर में दिला बिरहोर ने मेन सिंह राठिया के काजूबाड़ी स्थित आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर कार्यपालिक दंडाधिकारी एवं एफएसएल टीम रायगढ़ की मौजूदगी में मर्ग जांच, पंचनामा और शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। परिजनों के बयान एवं पीएम रिपोर्ट से यह पुष्टि हुई कि मृतिका ने पति की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या की है। मर्ग जांच के आधार पर घरघोड़ा पुलिस ने धारा 108 बीएनएस के तहत आरोपी सुंता बिरहोर पिता हरिराम बिरहोर उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम कोटरीमाल थाना घरघोड़ा पर दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया। घरघोड़ा पुलिस ने आरोपी को आज न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

### आरोपी ने पुलिस को दिया चकमा, हो गया फरार

**सक्ती।** मालखरौदा पुलिस की बड़ी लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। जांजगीर न्यायालय में पेशी के लिए ले जाया जा रहा एक आदतन अपराधी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। आरोपी की तलाश में पुलिस की कई टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। वहीं घटना के बाद जिम्मेदार दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी उमाशंकर साहू आदतन बदमाश है। मालखरौदा पुलिस ने एट्रोसिटी एक्ट के तहत उसे 11 नवंबर को गिरफ्तार कर चालान पेश करने के लिए जांजगीर न्यायालय ले जाया गया था। इसी दौरान आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि उमाशंकर साहू के खिलाफ पहले से कुल 16 आपराधिक प्रकरण विभिन्न थानों में दर्ज हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिस टीम उमाशंकर साहू की तलाश में जुट गई है और उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

## समिति प्रबंधकों ने सौंप दी ओओआईसी को चाबी अफसर ही कर रहे धान खरीदी का ट्रायल रन

प्रबंधक और कंम्प्यूटर ऑपरेटरों की महीने भर से चल रही है हड़ताल, पूरा काम हो गया है प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

मांगों को लेकर बीते महीने भर से आंदोलन कर रहे समिति प्रबंधकों ने अब प्राधिकृत अधिकारियों को कार्यालय की चाभी सौंप दी है। ऐसे हालात में मंगलवार को धान खरीदी का ट्रायल रन अधिकारियों ने पूरा किया। अब यह काम कैसे पूरा किया गया यह तो अधिकारी ही जानें, लेकिन ऑनलाइन सिस्टम से होने वाली धान खरीदी का काम काफी पेचीदा है।

समिति प्रबंधकों और कंम्प्यूटर ऑपरेटरों के आंदोलन से पूरा काम प्रभावित हो गया है। अभी तक किसानों को समितियों से यह भी जानकारी नहीं मिल पाई है उनका कितने रकबा का पंजीयन हुआ है। एक दिन बाद समर्थन मूल्य पर जिले के 105 खरीदी केंद्रों में धान खरीदी चालू हो जाएगी। इसकी तैयारी पूरा करने का दावा प्रशासन की ओर से की जा रही है, लेकिन यहां तो करीब महीने भर से समिति प्रबंधक और कंम्प्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर हैं। ऐसे में कैसी तैयारी की गई है यह भी सवाल है। दूसरी ओर आंदोलनकारी अब आरपार के मूड में हैं। ऐसे में सभी समिति प्रबंधकों ने वहां तैनात बतौर प्राधिकृत अधिकारियों को कार्यालय की चाभी सौंप दी है। उनके उपस्थिति में मंगलवार को धान खरीदी का ट्रायल रन भी हो चुका है।



### दबाव ऐसा कि देना पड़ा इस्तीफा

जानकारी मिली है कि आंदोलन से लौटने के लिए शासन –प्रशासन की ओर से समिति प्रबंधकों और कंम्प्यूटर ऑपरेटरों को काफी दबाव बनाया जा रहा है। दूसरी ओर इस दबाव के कारण प्रबंधकों में दो फाड़ होने की जानकारी मिली है। ऐसे हालात में प्रबंधक संघ के जिला अध्यक्ष ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

### अधिकारियों ने की ट्रायल रन

जानकारी के अनुसार मंगलवार को अधिकारियों ने ही धान खरीदी का ट्रायल रन किया है। इसमें फूड, सहकारिता और विपणन विभाग के अधिकारियों ने ट्रायल रन करने की जानकारी मिली है। जिले में 69 समिति के साथ 36 उप खरीदी केंद्र बनाया गया है। याने 105 खरीदी केंद्रों में धान खरीदी होगी। इन केंद्रों में विभाग के एक-एक अधिकारियों के साथ वहां के प्राधिकृत अधिकारी मौजूद थे। ऑपरेटर भी आंदोलन कर रहे हैं। ऐसे में खुद अधिकारियों ने कंम्प्यूटर ऑपरेट किया और ट्रायल रन किया।

## तीन महीने पहले कॉलोनी में हुई थी चोरी, झारसुगुड़ा जेल में बंद आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जूटमिल थाना क्षेत्र के चर्चित राधिका रेसिडेंसी चोरी कांड का एक आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। पुलिस ने आरोपी को ओडिशा के जिला झारसुगुडा जेल से लाकर घटनास्थल पर घटना का रिक्रिएशन करायाए जहां उसने वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की।



मामले में उसके तीन साथी अब भी फरार है जिनकी तलाश जारी है। 31 जुलाई 2025 को जूटमिल थाना अंतर्गत राधिका रेसिडेंसी निवासी नितिन अग्रवाल पिता किशन अग्रवाल उम्र 45 वर्ष मकान नंबर 108 ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 30-31 जुलाई की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने उसके मकान का कुंडा तोड़कर भीतर रखे गहने और नकदी चोरी कर ली। चोर सोने की पुरानी चूड़ियां, अंगूठियां, चैन, हार, झुमका, एक सोने का बिरकिट, चांदी के पायल, सिक्के और 4 लाख नगद सहित लाखों के सामान ले उड़े थे। इस पर थाना जूटमिल में धारा 331,4, 305 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान जूटमिल पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी गिरोह ने झारसुगुड़ा ओडिशा में भी चोरी की वारदात की है। इस पर झारसुगुड़ा पुलिस ने धारा 331,4, 305,ए भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई करते हुए एक आरोपी कन्हैया पलासिया पिता गुरजीवा पलासिया उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम बागोली, पोस्ट नरवाली, थाना टांडा, जिला धार मध्यप्रदेश को 26 अगस्त को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा था। वह वर्तमान में जिला जेल झारसुगुड़ा में निरुद्ध था। जूटमिल पुलिस ने जिला न्यायालय झारसुगुड़ा से अनुमति लेकर आरोपी को दो दिन की पुलिस एस्कॉर्ट टीम की निगरानी में रायगढ़ लाया। पूछताछ में कन्हैया पलासिया ने राधिका रेसिडेंसी में हुई चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी से मौके पर घटना का रिक्रिएशन कराया और औपचारिक गिरफ्तारी की प्रक्रिया पूरी की।

## आत्मानंद स्कूल में लगा स्वदेशी मेला

**रायगढ़।** राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर तमनार के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में भव्य स्वदेशी मेला का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्देश्य आम नागरिकों में स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देना और स्थानीय कारीगरों एवं महिला समूहों को प्रोत्साहन प्रदान करना रहा। इस अवसर पर प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी, लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह सहित जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने हस्तनिर्मित वस्तुओं, पारंपरिक कलाकृतियों और ग्रामीण स्व.सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की सराहना की और अनेक वस्तुएं स्वयं खरीदकर लोगों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने का संदेश दिया। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि स्वदेशी अपनाना केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता नहींए बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। जब हम अपने देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करते हैं, तो हम अपने ही भाइयों और बहनों के परिश्रम को सम्मान देते हैं।



लौह पुरुष की 150वीं जयंती पर घरघोड़ा से तमनार तक यूनिटी मार्च का हुआ आयोजन

# सरदार वल्लभ भाई पटेल त्याग और एकता के प्रतीक: चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर रायगढ़ जिले में बुधवार को ऐतिहासिक यूनिटी मार्च का आयोजन हुआ। प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया तथा राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह की अगुवाई में 12 किलोमीटर लंबी यह विशाल एकता पदयात्रा घरघोड़ा से तमनार तक निकाली गई। इस दौरान आमसभा को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि यह वर्ष हमारे लिए गर्व का वर्ष है। हम छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष मना रहे हैं। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की कल्पना से यह राज्य अस्तित्व में आया और आज हम सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मना रहे हैं, जिन्होंने 565 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत की नींव रखी। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने देश की सेवा में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। उनके पास कोई निजी संपत्ति नहीं थी, यह उनके त्याग, समर्पण और राष्ट्रनिष्ठा का प्रतीक है। जिसमें हजारों नागरिकों, विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी जनप्रतिनिधि अपने हाथों में तिरंगा ध्वज थामे जब भारत माता की जय छत्तीसगढ़ महतारी की जय और सरदार पटेल अमर रहें के नारे लगाते हुए आगे बढ़े तो पूरा मार्ग देशभक्ति और एकता के जोश से गूंज उठा। कॉलेज एवं स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा एक किलोमीटर लंबा राष्ट्रीय ध्वज लेकर किया गया मार्च इस आयोजन का विशेष आकर्षण रहा।





कार्यक्रम का शुभारंभ घरघोड़ा स्थित गायत्री मंदिर परिसर से हुआ। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भारत माता छत्तीसगढ़ महतारी, सरदार वल्लभभाई पटेल और महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा.अर्चना की और एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, नृत्य, नुक्कड़ नाटक और सरदार पटेल के प्रेरक प्रसंगों ने वातावरण को एकता और राष्ट्रप्रेम के भाव से सराबोर कर दिया। रैली का मार्ग जयस्तंभ चौक, कारगिल चौक, स्वामी आत्मानंद विद्यालय, झांका दरहा, देवगढ़ हायर सेकेंडरी स्कूल, जरेकेला, बरभाठा, राम मंदिर चौक से होते हुए तमनार के स्वामी आत्मानंद स्कूल मैदान तक रहा। मार्ग में ग्रामीणों और युवाओं ने पुष्पमाला से एकता दौड़ का भव्य स्वागत किया।

## खबर संक्षेप

### सरदार पटेल की जयंती पर यूनिटी मार्च कल

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग नवा रायपुर अटल नगर से सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के 150 वीं जयंती के अवसर पर युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाने, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाने, एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से युवाओं की भूमिका पर विशेष ध्यान देते हुए यूनिटी मार्च के आयोजन के निर्देश प्राप्त हुए हैं। जिसके अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में पदयात्राओं का आयोजन किया जाना है। भारत सरकार के निर्देशानुसार 14 नवम्बर 2025 को यूनिटी मार्च का आयोजन बन्दचुआं चौक से प्रातः 10. 00 बजे प्रारंभ होकर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय दोकड़ा तक पद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस पदयात्रा के आयोजन हेतु कलेक्टर रोहित व्यास ने संबंधित विभागों को विभिन्न दायित्व सौंपा हैं।

### पात्र अभ्यर्थियों की कौशल परीक्षा 20 एवं 21 को

जशपुरनगर। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिला बाल संरक्षण ईकाई, शासकीय बाल देखरेख सम्प्रेक्षण गृह एवं चाइल्ड हेल्प लाईन में एकमुश्त संविदा वेतन पर भर्ती के संबंध में दावा आपत्ति का प्रकाशन करते हुए अभ्यावेदन आमंत्रित किया गया था। जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा दावा-आपत्ति निराकरण उपरांत अंतिम पात्र-अपात्र सूची, अंतिम पात्रता सूची, दावा-आपत्ति निराकरण सूची तथा पात्र अभ्यर्थीयों की वरीयता सूची प्रकाशन किया गया है। पात्र अभ्यर्थियों हेतु कौशल परीक्षा का आयोजना 20 एवं 21 नवम्बर 2025 को किया गया है। परीक्षा हेतु स्थान व समय की सूचना पृथक से दिया जायेगा। प्रकाशित सूची जिले के वेबसाईट तथा कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

### चार पुलिसकर्मी किए गए लाइन अटैच

**अंबिकापुर।** बलरामपुर कोतवाली पुलिस की अभिरक्षा में चोरी के आरोप में हिरासत में लिए गए संदेही की मौत के मामले में आईजी ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कस्टडी में हुई मौत के मामले में आईजी ने चार पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर दिया है। बड़ी बात यह है कि मंगलवार को पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के साथ मृतक के परिजन ने आईजी से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने पुलिस पर मृतक उमेश सिंह को घर से उठाकर ले जाने और बेरहमी से मारपीट का आरोप लगाया था। परिजन का कहना था कि उमेश सिंह की पिटाई की गई जिससे उसकी मौत हुई और मौत के बाद शव को देखने तक नहीं दिया गया। परिजन लगातार इस मामले में दोषियों पर एफआईआर और निलंबन की मांग कर रहे थे। ऐसे में आईजी दीपक झा ने भी उन्हें अपने स्तर पर जांच व कार्रवाई का आश्वासन दिया था। इस बीच देर शाम आईजी ने पुलिस हिरासत में उमेश सिंह की मौत के मामले में साइबर सेल से निरीक्षक हिम्मत सिंह शेखावत, बलरामपुर थाना से सउनि राधेश्याम विश्वकर्मा, साइबर सेल से आरक्षक आकाश तिवारी, व महिला आरक्षक माधुरी कुजूर को तत्काल प्रभाव से रक्षित केंद्र अटैच कर दिया है।

### चार दिन के नवजात शिशु की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** दुष्कर्म पीडिता ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शिशु को जन्म दी। शिशु की हालत गंभीर होने पर एसएनसीयू वार्ड में भर्ती किया गया जहां चार दिन बाद शिशु की मौत हो गई। किशोरी के साथ कोई दूसरा नहीं बल्कि उसके रिश्ते के चाचा ने ही उसके साथ दुष्कर्म किया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार एमसीबी जिले के नगोई निवासी 16 वर्षीय किशोरी मार्च माह में रिश्ते के चाचा के साथ सोमवारी बाजार जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में सुनसान जगह पर रिश्ते के चाचा ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन लोक लज्जा के डर से दुष्कर्म की घटना को दबा दिया। इसी बीच किशोरी गर्भवती हो गई। प्रसव पीड़ा बढ़ जाने पर परिजन कुछ दिन पूर्व की किशोरी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल कराया जहां शिशु को जन्म दी। शिशु की हालत गंभीर होने पर उसे एसएनसीयू वार्ड में रख उपचार शुरू किया गया जहां चार दिन बाद शिशु की मौत हो गई।

## चार साल की नातिन गंभीर रूप से घायल

# कांसाबेल के केनाडांड़ गांव में हाथी का हमला, 57 वर्षीय महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





जिले में एक बार फिर जंगल से मौत निकली और सीधे गांव तक आ पहुँची।

■ गांव में मातम और दहशत, वन विभाग ने जारी की चेतावनी

बुधवार की सुबह सूरज उगने से पहले ही कांसाबेल वन परिक्षेत्र के केनाडांड़ गांव में एक अकेले जंगली हाथी ने घर के पीछे बाड़ी में मौजूद महिला और उसकी नातिन पर हमला कर दिया। इस हमले में 57 वर्षीय देरोठिया बाई पत्नी पतराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार वर्षीय आरवी पन्ना गंभीर रूप से घायल हो गई।

गांव के लोगों के अनुसार घटना बुधवार की सुबह करीब 5:30 बजे की है।देरोठिया बाई रोज की तरह अपनी नातिन के साथ घर के पीछे स्थित बाड़ी में गई थीं। वहां पास के जंगल से एक हाथी कई दिनों से घूमता दिख रहा था।ग्रामीण बताते हैं कि देरोठिया बाई ने झाड़ियों की तरफ देखा, तभी अचानक झाड़ियों के भीतर से हाथी निकला और हमला कर दिया। वह कुछ समझ भी नहीं पाईं। हाथी ने सूंड़ से महिला को उठाकर जोर से जमीन पर पटक दिया और पैर से रौंद दिया। देरोठिया बाई की मौके पर ही मौत हो गई।बगल में मौजूद नातिन आरवी पन्ना बुरी तरह घायल हो गई, जिसे ग्रामीणों ने किसी तरह बचाया।चार वर्षीय आरवी पन्ना को तत्काल पत्थलगांव सिविल अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि बच्ची के पैर में फ्रेक्चर है और शरीर पर कई चोटें हैं।अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि उसकी हालत अब स्थिर है।

### 27 हाथियों के दल से बिछड़ा है हाथी

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार, यह हाथी करीब 27 हाथियों के दल से बिछड़कर अकेला घूम रहा है। ऐसे हाथियों को "लोन टस्कर" कहा जाता है ये अकेले रहते हैं और ज्यादा आक्रामक स्वभाव के होते हैं। विभाग का कहना है कि यह हाथी पिछले 10 दिनों से फरसाबहार, बगीचा और कांसाबेल के जंगलों के बीच घूम रहा था। मंगलवार की रात इसे केनाडांड़ गांव के पास देखा गया था। इसके मूवमेंट पर लगातार नजर रखी जा रही है।वन विभाग ने कहा कि इस हाथी को "कैंपिंग टीम" के जरिए ट्रैक किया जा रहा है, और जरूरत पड़ने पर रेंजर स्तर की विशेष टीम को बुलाया जाएगा।

### परिजन को दिया तत्कालिक सहायता

घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची।शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। परिजनों को 25,000 की तत्काल राहत सहायता दी गई।डीएफओ शशि कुमार ने कहा कि राज्य शासन की मुआवजा योजना के तहत पूर्ण आर्थिक सहायता शीघ्र प्रदान की जाएगी। वन विभाग ने आसपास के सभी गांवों बस्तियों में चेतावनी जारी की है कि रात के समय खेतों में न जाएं,हाथियों को भगाने या पास जाने की कोशिश न करें,अलाव और टॉर्च से सावधानीपूर्वक दूरी बनाकर रखें।

## कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**जशपुरनगर।** जशपुर पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ चलाए जा रहे "ऑपरेशन आघात" में एक और सफलता दर्ज की है। थाना कुनकुरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

मामला थाना कुनकुरी क्षेत्रांतर्गत का है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आजाद मोहल्ला कुनकुरी निवासी जुगू (40 वर्ष) सफेद रंग की प्लास्टिक की जरकिन में कच्ची महुआ शराब भरकर गड़ाकाटा की ओर बिक्री के लिए जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल रवाना हुई। गड़ाकाटा के पास पुलिस को मुखबिर के बताए हुलिए का एक व्यक्ति दिखा। पुलिस ने संदिग्ध को रोककर पूछताछ की तो उसने अपना नाम जुगू पिता निवासी आजाद मोहल्ला, कुनकुरी बताया। झोले की तलाशी में प्लास्टिक की सफेद जरकिन में भरी हुई 10 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। जब आरोपी से शराब रखने व बिक्री के संबंध में दस्तावेज मांगे गए तो वह कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर पुलिस ने कच्ची महुआ शराब सहित जरकिन को जप्त कर आरोपी को हिरासत में लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद थाना कुनकुरी में आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि कुनकुरी क्षेत्र में 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जशपुर पुलिस का 'ऑपरेशन आघात'लगातार जारी है। अवैध नशे के कारोबार में लिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खेल हमें सिखाता है संयम और अनुशासन



**जशपुरनगर।** एकदिवसीय विकासखण्ड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन आज बगीचा हाईस्कूल खेल ग्राउंड में आयोजित किया गया।

■ सांसद खेल महोत्सव में शामिल हुए 10 जोन के खिलाड़ी

सांसद खेल महोत्सव में सामूहिक तथा व्यक्तिगत खेलों में बालक एवं बालिका खिलाड़ी शामिल हुए। सामुहिक खेलो में 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, फुगड़ी, कबड्डी, खो-खो, बॉलीबाल, गेड़ी दौड़ और रस्साकस्सी विकासखंड स्तर पर आयोजित किया गया। जिसमें 52 संकुल से 10 जोन के खिलाड़ी शामिल हुए।

खेल के दौरान खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए जनपद अध्यक्ष गायत्री नागेश कबड्डी के मैदान में खुद ही उतर गई और अपने शानदार खेल से टीम को जीत भी दिलाई जिससे खिलाड़ियों में उत्साह बना रहा। नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल का हमारे जीवन में अहम योगदान है। जो हमे संयम, अनुशासन, स्वस्थ जीवन और अपने लक्ष्य में आगे बढ़ने के लिए दिशा प्रदान करता है। इसलिये हमे पढ़ाई के साथ साथ अपने जीवन मे खेल को भी महत्व देना चाहिए।जनपद उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि हमे खेल को खिलाड़ी भावना के साथ खेलना चाहिए हार जीत लगी रहती है। जब कोई हारेगा नही तो कोई जीतेगा कैसे इसलिये खेल में दोनो टीमों का योगदान होता है। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष गायत्री नागेश, उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सिदाम, उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, बीडीसी सु सविता नागेश, ललित नागेश की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

### शहर के बीच चल रहा था देह व्यापार एक महिला गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** शहर में देह व्यापार के रैकेट का खुलासा हुआ है। महिला थाना पुलिस की टीम ने रेड कार्रवाई के दौरान लोगों को रंगे हाथों पकड़ा है। घटना स्थल से पुलिस को बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक वस्तुएं भी मिली है। पुलिस ने इस मामले में एक महिला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पीटा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि शहर में पुलिस को लम्बे समय से शहर में देह व्यापार के अवैध कारोबार की सूचना मिली रही थी। महिला अपने घर में बाहर से युवतियां बुलवाकर लोगों से पैसे लेकर वेश्यावृत्ति करवा रही थी। सूचना के बाद एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर घर में रेड कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान उक्त घर से पुलिस ने संदिग्ध हालत में युवक-युवतियों को पकड़ा।

## सोशल मीडिया पर दोस्ती, मोबाइल पर वर्चुअल शादी, फिर किया ब्लैकमेल, अब पहुंचा जेल



■ दुलदुला थाना क्षेत्र का सनसनीखेज मामला जशपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, फरार आरोपी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** सोशल मीडिया पर शुरू हुई वर्चुअल मोहब्बत ने एक नाबालिग की ज़िंदगी को नर्क बना दिया। बिहार का युवक कुंदन राज मोबाइल पर एक नाबालिग से दोस्ती कर न सिर्फ़ वीडियो कॉल के जरिए शादी रचाई, बल्कि सुहागरात के नाम पर उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली। यही नहीं, वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसने अपनी जगह दोस्त दिलीप चौहान को भेज दिया ताकि उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए जा सके। अब जशपुर पुलिस ने फरार आरोपी दिलीप चौहान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

थाना दुलदुला क्षेत्र की 17 वर्षीय नाबालिग ने वर्ष 2022 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वर्ष 2021 में कुंदन राज नामक युवक, जो पटना, बिहार का रहने वाला है, ने मोबाइल पर उससे बातचीत शुरू की थी। लड़की के इनकार करने पर आरोपी ने अपना हाथ काटने का फोटो भेजकर उसे भावनात्मक रूप से ब्लैकमेल किया। धीरे-धीरे बातचीत वीडियो कॉल तक पहुंची और आरोपी ने मोबाइल पर ही शादी का नाटक रचा। इसके बाद सुहागरात के नाम पर वीडियो कॉल के दौरान अश्लील वीडियो बना ली और फिर उसे वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। जब पीड़िता ने मना किया तो आरोपी ने उसकी बड़ी बहन को भी वह वीडियो भेज दिया। कुंदन राज ने कहा कि वह दूर है, इसलिए अपनी जगह अपने दोस्त को सुहागरात मनाने भेज रहा है। इसी बहाने उसने अपने साथी दिलीप चौहान को भेजा, जिसने फर्जी नाम "दीपक यादव"बताकर पीड़िता से दुष्कर्म किया और यह सब कुंदन राज वीडियो कॉल पर देखता रहा। दुलदुला पुलिस ने वर्ष 2022 में ही आरोपी कुंदन राज को पटना से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लेकिन उसका साथी दिलीप चौहान घटना के बाद से फरार था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में पुलिस की टीम ने टेक्निकल और मुखबिर सूचना के आधार पर लगातार दबिश दी।

## जनजातीय लोक नृत्य महोत्सव 15 को रणजीता स्टेडियम में



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली और केंद्र शासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों को देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण संवर्धन के लिए यह योजना बेहद लाभदायक है। कलेक्टर ने जशपुर में कड़ाके के ठंड को देखते हुए नगरी निकाय और सभी सार्वजनिक जगहों बस स्टैंड,आश्रय स्थल के पास अलाव जलाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को मुख्यमंत्री जनदर्शन कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों का गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

■ मुख्यमंत्री जनदर्शन के आवेदनों का गंभीरता से निराकरण करें अधिकारी

उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा करमा महोत्सव के स्थान पर उत्तर छत्तीसगढ़ क्षेत्र जनजातीय लोक नृत्य महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। उक्त महोत्सव के सुचारू एवं सफल क्रियान्वयन हेतु विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई है। जिसके तहत दिनांक 3 नवम्बर तक को ग्राम पंचायत स्तर पर 4 नवम्बर तक विकासखण्ड स्तर 5 नवम्बर को जिला स्तर पर 15 नवंबर को रणजीता स्टेडियम में जनजातीय लोक नृत्य महोत्सव-2025 का आयोजन किया जाना है। पंचायत स्तर एवं विकासखण्ड स्तर पर लोक नृत्य महोत्सव आयोजित कर प्रति विकासखण्ड 02 लोक नृत्य दल चयन कर आगामी 15 नवम्बर को रणजीता स्टेडियम में जिला स्तरीय जनजाति लोक नृत्य महोत्सव में शामिल होंगे। कार्यक्रम में सभी गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों को शामिल होने का आग्रह किया गया है। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग संजय सिंह ने बताया कि जिला स्तर पर आयोजित छत्तीसगढ़ क्षेत्र जनजाति लोक नृत्य महोत्सव में प्रत्येक चयनित दलों को प्रथम पुरस्कार 50 हजार द्वितीय पुरस्कार 25 हजार और तृतीय पुरस्कार 15 हजार दिया जाएगा। इसी प्रकार जिला स्तर पर चयनित नृत्य दलों को राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिलेगा राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार 2 लाख रुपए द्वितीय पुरस्कार 1 लाख रुपए और तृतीय पुरस्कार 50 हजार का रखा गया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू सभी एसडीएम और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

### टीकाकरण के बाद दो माह के मासूम की मौत परिजन ने लगाया लापरवाही का आरोप

**राजपुर।** स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण के बाद दो माह के मासूम की मौत का मामला सामने आया है। टीका लगने के कुछ घंटे बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन ने इस मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और मुआवजा की मांग की है। बताया जा रहा है कि विकासखंड के ग्राम ओकरा निवासी जगदीश कौशिक के दो माह एक बच्चे का 7 नवंबर को टीकाकरण किया गया था। टीका लगने के कुछ घंटे बाद ही बच्चे की तबीयत बिगड़ने लगी जिसके बाद परिजन बच्चे को लेकर तत्काल उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे लेकिन वहां कोई भी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद नहीं था। इलाज के अभाव में परिजन बच्चे को वापस घर ले आए जहां अगली सुबह उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजन सदमे में है इसके साथ ही क्षेत्र में शोक का माहौल है। परिजन ने इस मामले में स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजन ने इस संबंध में थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपने के साथ ही कार्रवाई की मांग की है। परिजन की मांग है कि दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए और 5 लाख रुपए की मुआवजा राशि दी जाए।

## 59 समूह को 1 करोड़ से अधिक फ्रेश व रिन्यूअल लोन स्वीकृत



**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत जशपुर विकासखंड के बालाजी मंदिर के सामने मंगल भवन में मुद्रा एवं बैंक लिंकेज मेला का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष यशप्रताप सिंह जूदेव, जनपद अध्यक्ष गंगाराम भगत एवं सामाजिक कार्यकर्ता विजय, डीएलएम वॉलटर भेगरा, जिला पंचायत डीपीएम अमीन खा एवं संसाधन अखिल, विकासखंड परियोजना प्रबंधक संदीप बैक, एसी, पीआरपी वं सभी ब्रांच के शाखा प्रबंधक एवं विहान की 322 महिलाएं उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के तहत बैंक द्वारा 25 समूह को 37 लाख 50 हजार का फ्रेश लोन एवं 34 समूह को 1 करोड़ 2 लाख का रिन्यूअल लोन सहित कुल 59 समूह को 01 करोड़ 39 लाख 50 हजार का स्वीकृति प्रदान किया गया। साथ ही व्यक्तिगत रूप से 43 दीदी को मुद्रा लोन 53 लाख 80 हजार का स्वीकृति प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा चेक प्रदान किया गया एवं विहान की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के हेतु प्रेरित किया गया एवं बैंक मैनेजर के द्वारा समूह को वित्तीय साक्षरता के बारे में जानकारी दिया गया।

■ जशपुर विकासखण्ड में मुद्रा एवं बैंक लिंकेज मेला का आयोजन

## टमाटर लोड पिकअप घर में घूसा, बाल-बाल बचे लोग

**अम्बिकापुर।** ग्राम पंचायत बकना में टमाटर लोड एक तेज रफ्तार पिकअप घर के परछी वाले हिस्से को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर घर में जा घूसा। गनीमत था कि घटना के समय घर के लोग आंगन में अलाव के पास बैठे थे नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। बताया जा रहा है कि चालक शराब के नशे में धुत था। जानकारी के अनुसार पिकअप क्रमांक यूपी 66 एटी 3781 का चालक सोमवार को बकना कला क्षेत्र में टमाटर लेने गया था। आसपास क्षेत्र लगभग 40 से 50 ट्रे टमाटर लोड कर जैसे ही बकना कला पंचायत भवन की ओर जाने लगा तभी पंचायत भवन से पहले ही शिवा प्रसाद के घर के सामने वाले हिस्से को तोड़ते हुए घर में घुस गया। शिवा प्रसाद सहित परिवार के अन्य लोग आंगन में अलाव के पास बैठे थे। घर टूटने की आवाज सूनते ही बाहर निकले तो उनके होश उड़ गए। घर के लगभग 50 मीटर हिस्से को पिकअप वाहन से क्षतिग्रस्त हो गया। मकान मालिक के मुताबिक वाहन के कारण लगभग 1 लाख का क्षति हो गया। ग्रामीणों के मुताबिक चालक शराब के नशे में धुत था और बदगरी स्थित एक मोबाइल टॉबर अहाता को क्षति करते हुए बकना कला पहुंचा था।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन

# युगल जोड़ी में विजेता बने धरमजयगढ़ के प्रशांत अलबिनुस


हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव



इंडोर स्टेडियम में दो दिनों से चल रहा बैडमिंटन युगल प्रतियोगिता का हुवा समापन फायनल मैच के लगातार तीन सेट में चले मैच में धरमजयगढ़ की युगल जोड़ी प्रशांत अलबिनुस की जोड़ी ने सीतापुर के निशांत एवं आर्यन की जोड़ी को हरा कर विजेता बने तीनो सेट बड़े ही रोमांचक रहे फायनल की तरह ही मैच देखने को मिला कभी भी कोई भी मैच जीत सकता था कि तरह मैच चलता रहा तीसरे सेट में धरमजयगढ़ की टीम ने वापसी करते हुए ट्राफी पे अपना कब्जा बनाया दो दिनों में कुल 32 टीम ने हिस्सा लिया था मंगलवार की रात को फाइनल मैच के विजेता टीम को पत्थलगांव प्रेस क्लब के अध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता ने कहा कि युवाओं को खेल में आगे रहना चाहिए अंत मे जीतता एक ही टीम है। हारने वाले को निराश नही होना चाहिए फिर से और मेहनत कर आगे बढ़ने की सोच कर खेलिये इन प्रतियोगिताओ के होने से जित के साथ खेल का नाम आगे बढ़ता है।

बैडमिंटन प्रतियोगिता के आयोजक रिक्की राहुल कहा कि बैडमिंटन प्रतियोगिता कराने का मुख्य मकसद है कि हमारे क्षेत्र से भी अच्छे खिलाड़ी निखर कर आगे बढ़े दर्शकों के बीच मैच खेल कर खुद को मजबूत बनाये और ग्रामीण स्तर से आगे बढ़ते हुए बैडमिंटन में नाम कमाए। ललित यादव ने सभी बैडमिंटन खिलाड़ियों को कहा कि ये खेल दिमाग के साथ ताकत का है। जो ज्यादा देर तक लड़ेगा वो विजेता बनता है। इसी तरह खेल भावना से बैडमिंटन खेल कर अपने खेल को आगे ले जाएं। इस पूरे बैडमिंटन प्रतियोगिता के दौरान मुख्य रूप से रिक्की राहुल, मोहन यादव, कमलेश, आलोक अग्रवाल ,गौरव अग्रवाल उदय, जानशन, हेमन्त, प्यारेलाल, दुर्गा ,राधे डहरिया, लालू, लछमण मिर्रे, अजय यादव, संजय यादव गुलशन सहित अन्य लोग शामिल रहे जिन्होंने दो दिनों तक प्रतियोगिता में अपना समय दिया।

## अयोध्या धाम के लिए 204 श्रद्धालुओं का दल रवाना



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में श्रद्धालुओं प्रभु रामलला अयोध्या धाम के दर्शन का सिलसिल निरंतर जारी है। अब तक 2040 श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो चुका है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिले के स्थानीय निवासियों को रामलला दर्शन अयोध्या धाम यात्रा योजना अंतर्गत 12 नवम्बर 2025 को यात्रा हेतु जिले से कुल-204 श्रद्धालुओं को रवाना किया गया। जिले के सभी विकास खंड के जनपद पंचायत कार्यालय और नगरीय निकाय से जनप्रतिनिधियों ने अयोध्या धाम के लिए श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रवाना किए गए 204 श्रद्धालुओं में जशपुर विधानसभा से 64, कुनकुरी विधानसभा से 73 एवं पत्थलगांव विधानसभा से 67 श्रद्धालु शामिल हैं।



# तेरे इश्क में समेत इन फिल्मों के इवेंट हुए कैंसिल

**मुंबई।** धर्मेंद्र की सेहत और दिल्ली धमाकों को देखते हुए आनंद एल राय की आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' से जुड़े एक इवेंट को कैंसिल कर दिया गया है। यह इवेंट राजधानी दिल्ली में होना था। इसके अलावा कुछ और फिल्मी इवेंट भी कैंसिल हुए हैं। 'तेरे इश्क में'28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में धनुष ने शंकर और कृति सेनन ने मुक्ति का किरदार निभाया है। इसके अलावा वेब सीरीज 'दिल्ली क्राइम 3' की स्क्रीनिंग को भी कैंसिल कर दिया गया है। दिल्ली क्राइम-3, 13 नवंबर से स्ट्रीम होने वाला है। हमें उम्मीद है कि आप इसे देखेंगे और अपना प्यार देंगे।'

लाइफ Style

# नोरा

## संगीत को समझना है तो श्रेया को सुनें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नोरा फतेही अपने बेरतरीन डांस और एक्टिंग के साथ अपनी गायकी के लिए जानी जाती हैं। एक अमेरिकी पोडकास्ट में नोरा फतेही से पूछा गया कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी, इस पर उन्होंने श्रेया घोषाल का नाम लिया।

नोरा फतेही ने श्रेया के साथ एक गाना भी गाया है। हाल ही में नोरा फतेही ने सिएरा के पोडकास्ट में अपने सिंगिंग, एक्टिंग और डांसिंग कॅरियर के बारे में खुलकर बात की। बातचीत के दौरान जब सिएरा ने नोरा से पूछा कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी। इस पर नोरा फतेही ने सिंगर श्रेया घोषाल का नाम लिया। नोरा फतेही ने कहा 'अगर आपने बॉलीवुड के गाने नहीं सुने हैं और आप उसके बारे में जानना चाहते हैं, तो मैं कहूंगी कि आप श्रेया घोषाल के गाने सुनें। वह एक आइकन हैं। मैंने उनके साथ (ओह मामा! तेतेमा) गाना गाया है। इस गाने में उन्होंने हिंदी वाला हिस्सा गाया है। उनकी आवाज अब तक कि सबसे अच्छी आवाजों में से एक है, जो मैंने सुनी है। उन्होंने बॉलीवुड की कई बेहतरीन फिल्मों के बेहतरीन गाने गए हैं। इसके अलावा उन्होंने कई गाने गए हैं। वह जिस तरह गाती हैं, वह शानदार है। कोई भी बॉलीवुड के संगीत, संस्कृति और इसकी भावना को समझना चाहता है, उसे श्रेया को सुनना चाहिए।' श्रेया घोषाल को भारत की सबसे अच्छी गायिकाओं में से एक माना जाता है। वह सबसे ज्यादा पुरस्कार पाने वाली गायकों में शामिल हैं।




हॉलीवुड मसाला



# कोबायाशी के साथ दीं यादगार फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** जापान के मशहूर अभिनेता तात्सुया नाकादाई का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। तात्सुया को 'रण', 'हाराकिरी' और 'द ह्यूमन कंडीशन' जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। अकीरा कुरोसावा की 1985 में आई फिल्म 'रण' में नाकादाई द्वारा निभाया गया लॉर्ड हिदेतोरा इचिमोनजी का किरदार उनके सबसे प्रतिष्ठित किरदारों में से एक है। तात्सुया नाकादाई ने मसाकी कोबायाशी की द ह्यूमन कंडीशन ट्रियोलॉजी- नो ग्रेटर लव (1959), रोड टू एटरनिटी (1959), और ए सोल्जर्स प्रेयर (1961) में शानदार अभिनय किया।



# वन्स वेयर वॉरियर्स और डाई अनदर डे से हुए मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्मों के मशहूर निर्देशक ली तामाहोरी का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्हें 'वन्स वेयर वॉरियर्स' और 'डाई अनदर डे'जैसी जबरदस्त फिल्मों के निर्माण के लिए पहचाना जाता था। निर्देशक ली तामाहोरी ने कई जबरदस्त फिल्मों का निर्देशन किया था। उन्होंने मुलहोलैंड फॉल्स, एंथनी हॉपकिंस और एलेक बाल्डविन अभिनीत सर्वाइवल थ्रिलर द एज और क्राइम फिल्म अलोंग केम अ स्पाइडर शामिल हैं। उन्होंने जेम्स बॉन्ड अभिनीत फिल्म 'डाई अनदर डे' और एक्शन सीक्वल 'एक्सएक्सएक्सः स्टेट ऑफ द यूनियन' का भी निर्देशन किया था। ली तामाहोरी के परिवार में उनकी पत्नी जस्टिन और बच्चे सैम, मैक्स, मेका और ताने हैं। ली तमाहोरी का जन्म 1950 में वेलिंगटन में हुआ था। उन्होंने अपने सिनेमाई कॅरियर की शुरुआत सहायक निर्देशक के रूप में की थी।



# एसएसएमबी-29 का पहना गाना रिलीज

**मुंबई।** एसएस राजामौली और महेश बाबू की बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' से अपडेट अब लगातार सामने आ रहे हैं। पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक और महेश बाबू व प्रियंका चोपड़ा के वीडियो संदेश सामने आने के बाद, अब सोमवार को फिल्म का पहला सिंगल गाना रिलीज किया गया है। सबसे खास बात कि एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने में श्रुति हासन ने अपनी आवाज दी है। ऑस्कर विजेता संगीतकार एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने को 'ग्लोबट्रॉटर' टाइटल के साथ रिलीज किया गया है। गाने को यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। हालांकि, अभी इस गाने का वीडियो सामने नहीं आया है। यानी गाने को सिर्फ एक ऑडियो के तौर पर जारी किया गया है। अभी इस गाने को सिर्फ तेलुगु भाषा में रिलीज किया गया है।



# प्रियदर्शन के साथ शेयर की अनदेखी तस्वीर

**मुंबई।** निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी हॉरर फिल्म 'हैवान' को लेकर श्रिया पिलगांवकर ने सोशल मीडिया पर अहम जानकारी शेयर की है। इस जानकारी के साथ श्रिया ने प्रियदर्शन के साथ खास तस्वीर भी शेयर की है। जिसके साथ श्रिया ने जानकारी दी है कि उन्होंने फिल्म 'हैवान' में अपने हिस्से की शूटिंग खत्म कर ली है। यह तस्वीर फिल्म 'हैवान' के सेट की है। इस तस्वीर में श्रिया और प्रियर्दशन मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में श्रिया हाथ में एक क्लैप बोर्ड पकड़े हुए हैं। जिसपर लिखा है 'हैवान'। श्रिया ने अपनी और प्रियदर्शन की इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, मेरे लिए हैवान का काम खत्म हुआ। इस शानदार टीम के साथ काम करना एक परम सौभाग्य की बात है, जिसका नेतृत्व किया निर्देशक प्रियदर्शन ने।'

टीवी मसाला



# आधी रात बिग बॉस 19 से बाहर हुआ मृदुल

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के घर से अब एक और सदस्य का सफर खत्म हो गया है। जैसे-जैसे शो का फिनाले करीब आ रहा है, वैसे-वैसे प्रतियोगियों के बीच टेंशन बढ़ती जा रही है। चार हफ्ते बाद जब इस सीजन के विजेता की घोषणा होगी, उससे पहले दर्शकों को देखने को मिला है एक बड़ा ट्विस्ट- लाइव ऑडियंस द्वारा किया गया मिड-वीक एविक्शन। और इस बार शो से बाहर हुए हैं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मृदुल तिवारी। पिछले वीकेंड में जहां डबल एविक्शन ने घरवालों को हिला दिया था, वहीं अब बिग बॉस ने अचानक मिड वीक एविक्शन का ऐलान कर दिया। बिग बॉस के अपडेट्स देने वाले पेज 'बिग बॉस तक' ने बताया है कि मृदुल घर से आउट हो गए हैं। इस बार फैसला घर के अंदर गई लाइव ऑडियंस ने किया, जिसने हर कंटेस्टेंट की परफॉर्मेंस देखकर वोटिंग की। वोटिंग के नतीजे चौंकाने वाले रहे- सबसे कम वोट मृदुल तिवारी को मिले और उन्हें फिनाले से ठीक चार हफ्ते पहले घर से बाहर जाना पड़ा। दरअसल, इस हफ्ते बिग बॉस ने एक खास कैप्टेंसी टास्क रखा था जिसमें तीन टीम बनाई गईं- टीम गौरव, टीम कुनिका और टीम शहबाज। इस टास्क के संचालक थे अमाल मलिक। शुरुआती दो राउंड में कुनिका और गौरव की टीम ने बाजी मारी, लेकिन तीसरे राउंड में बिग बॉस ने गेम में ट्विस्ट डालते हुए बताया कि अब फैसला ऑडियंस के हाथ में होगा। लाइव दर्शक घर के अंदर आए और उन्होंने प्रत्येक सदस्य की एक्टिविटी के आधार पर वोट दिए। जैसा कि हमेशा बिग बॉस के खेल में होता आया है, यहां भी नतीजा अप्रत्याशित रहा।

## इंडियन आइडल 16 में पहुंचीं उर्मिला

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर हमेशा से अपने समय की सबसे पसंदीदा एक्ट्रेस में से एक रही हैं। 90 के दशक में उनके गाने और फिल्मी डांस ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई। उनकी फिल्में और गाने आज भी लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला देते हैं। जब वह 'इंडियन आइडल 16' के ग्रैंड प्रीमियर में गेस्ट के रूप में पहुंचीं, तो 90 के दशक की यादें ताजा हो गईं। शो में कंटेस्टेंट अंशिका चोंकर ने 1995 में रिलीज हुई फिल्म रंगीला का टाइटल ट्रैक 'रंगीला रे'गाया, तो उर्मिला पुरानी यादों में खो गईं और इमोशनल हो गईं। उन्होंने स्टेज पर इस गाने पर डांस भी किया। अंशिका की परफॉर्मेंस से खुश होकर उर्मिला ने उन्हें तोहफे के तौर पर एक सिक्का दिया। इस सिक्के को अपनी जिंदगी का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि यह वही सिक्का है जो उन्हें इस फिल्म की रिलीज के वक्त मिला था। उन्होंने कहा, मैं अपनी पहली फिल्म देखने के लिए थिएटर में गई थी, जब मेरा गाना स्क्रीन पर आया, तो लोगों ने खुशी में पैसे फेंकने शुरू कर दिए।



इंसानियत की मिसाल, 3800 बच्चों को जीवनदान

# सिंगर पलक का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम...

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की फेमस सिंगर पलक मुच्छल चर्चा में हैं। अपने गानों के कारण नहीं, बल्कि इंसानियत की मिसाल कायम करने की वजह से। वो अपनी कमाई की ज्यादातर हिस्सा हार्ट सर्जरी के लिए दान करती हैं। अब उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। उन्होंने अब तक 3800 बच्चों की हार्ट सर्जरी करवाई है। अपनी दिलकश आवाज और सोलफुल म्यूजिक के लिए फेमस बॉलीवुड सिंगर पलक मुच्छल ने अब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बना ली है। वो भी अपने संगीत के लिए नहीं, बल्कि मानवता की मिसाल कायम करने के लिए। इंदौर में जन्मीं पलक मुच्छल ने 'पलक पलाश चैरिटेबल फाउंडेशन' के जरिए भारत और उसके बाहर वंचित बच्चों की मदद की है। करीब 3800 हार्ट सर्जरी के लिए पैसे जुटाए हैं।*

### कारगिल शहीदों के परिवारों की भी मदद

आप शायद ही जानते होंगे कि पलक कई साल से कारगिल शहीदों के परिवारों की भी कर रही हैं। उन्होंने गुजरात भूकंप पीड़ितों की राहत के लिए 10 लाख रुपये दान किए थे।



### कभी नहीं रुकेगी मदद

पलक ने मेरी आशिकी, कौन तुझे, सनम तेरी कसम, इक मुलाकात, देखा हजारो दफा और प्रेम रतन धन पायो जैसे सुपरहिट गाने गाए हैं। उनके पति मिथुन शर्मा भी कंपोजर हैं। वो इस जर्नी में पलक के साथ खड़े रहते है। उन्होंने कहा कि भले ही शो ना हो, कमाई ना हो, बच्चों की सर्जरी कभी नहीं रुकेगी।

### वो पल, जब पलक ने मदद करने का खुद से किया वादा

पलक बहुत कम उम्र से ही जरूरतमंदों की मदद करती आई हैं। बचपन में ट्रेन से सफर के दौरान उनकी मुलाकात वंचित बच्चों से हुई। ये वो पल था, जब उनकी जिंदगी बदल गई। उसी दिन उन्होंने खुद से वादा किया कि वो एक दिन उनकी मदद जरूर करेंगी। अब वो अपनी कमाई का काफी हिस्सा जिंदगी को बचाने में लगाती हैं।

# ग्रैमी अवॉर्ड में एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को मिला नामांकन

**नई दिल्ली।** एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम कटेगरी में 68वें ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नामांकन मिला है। यह एल्बम महाकुंभ उत्सव से प्रेरित है। एल्बम को गायक-कंपोजर सिद्धांत भाटिया की तरफ से प्रस्तुत किया गया है। यह भारतीय संगीत के लिए एक बड़ी कामयाबी है। इस एल्बम में 12 गीत हैं। इसमें भारत और विदेशों के लगभग 50 कलाकारों ने काम किया है। एल्बम में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुए महाकुंभ की भावना को दर्शाया गया है। महाकुंभ इस साल जनवरी और फरवरी में 45 दिनों तक हुआ था। इसमें बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों ने हिस्सा लिया था। 'साउंड्स ऑफ कुंभ' एल्बम में प्रयागराज से लाइव फील्ड रिकॉर्डिंग की गई। इसमें प्राचीन मंत्र शामिल किए गए। इसमें बाइनॉरल बीट्स को भी शामिल किया गया है। इस एल्बम को बनाने में सिद्धांत भाटिया के अलावा जिम किमो वेस्ट, राघव मेहता, मैडी दास, रॉन कोरब, चारू सूरी और देवराज सान्याल ने सहयोग किया है। एल्बम में वी सेल्वगनेश, राजा कुमारी, आदित्य गढ़वी, कनिका कपूर, कला रामनाथ, भानुमती नरसिम्हन, प्रवीण गोडखिंडी, अजय प्रसन्ना और कल्याणी नायर जैसे लोगों का योगदान है।





## हिंदी सिनेमा के 'राजा-रानी', पहली मूवी में कर बैठे प्यार

# 31 फिल्मों में किया रोमांस! 10 साल बाद बनी रियल जोड़ी

*नई दिल्ली। अगर आपने हिंदी फिल्में देखी है, तो आपकी कोई फेवरेट जोड़ी जरूर होगी, जिसकी फिल्में आप बार-बार देखना पसंद करते हैं। अगर बॉलीवुड की ऑल-टाइम हिट जोड़ी की बात करें, तो एक जोड़ी सब पर भारी है। वे हिंदी सिनेमा के असली 'राजा-रानी' हैं, जिन्होंने लगभग 31 फिल्में साथ में कीं और सेट पर पहली मुलाकात के 10 साल बाद धर्म बदल कर शादी कर ली। हम बॉलीवुड की जिस सुपरहिट जोड़ी की बात कर रहे हैं, उन्हें अभिनय में लाने का श्रेय कहीं-न-कहीं उनकी मांओं को जाता है। होरी की मां उनकी सबसे बड़ी सपोर्टर थीं, तो हीरोइन की मां ताउम्र उनकी मैनेजर रहीं। जब दोनों सितारे पहली बार 1970 में मूवी सेट पर मिले, तो सिर्फ पर्दे पर नहीं, उनकी जिंदगी में भी मैजिक हो गया।*

### 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले

दोनों सितारे मेकर्स के पसंदीदा ऑनस्क्रीन कपल बन गए। उन्होंने साथ में करीब 31 फिल्में कीं, जो अपने-आप में एक रिकॉर्ड है। वे पहली बार 1970 की मूवी 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले और देखते ही देखते एक-दूसरे पर फिदा हो गए। हम धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की बात कर रहे हैं, जिन्होंने सीता और गीता, राजा रानी, आस पास, पत्थर और पायल, ड्रीम गर्ल और शोले सहित लगभग 31 फिल्मों में काम किया था।

### शोले की शूटिंग का यह मशहूर किस्सा

धर्मेंद्र-हेमा मालिनी का एक-दूसरे के लिए दिल धड़कने लगा। शादीशुदा होने के बाद बावजूद धर्मेंद्र, हेमा मालिनी के इश्क में गिरफ्तार हो गए। शोले की शूटिंग का एक किस्सा काफी मशहूर है, जिसमें वीरू (धर्मेंद्र), बसंती (हेमा मालिनी) को रिव्लॉवर इस्तेमाल करना सिखाते दिखाते हैं। कहते हैं कि उसी सीन की शूटिंग के समय धर्मेंद्र लाइट ब्वॉयज को उन्हें डिस्टर्ब करने के 20 रुपए देते थे, ताकि उन्हें हेमा मालिनी के करीब रहने का ज्यादा वक्त मिल सके। इस तरह धर्मेंद्र को हेमा मालिनी को बार-बार गले लगाने का मौका मिल रहा था।



### चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली

चूंकि धर्मेंद्र की प्रकाश कौर से पहले ही शादी हो चुकी थी और उनसे उनके चार बच्चे भी थे, इसलिए हेमा मालिनी ने शुरू में उनके शादी के प्रस्ताव को नकार दिया। हालांकि, वे बाद में प्यार में इतना मजबूर हुए कि चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली। धर्मेंद्र ने मुस्लिम रीति-रिवाजों से हेमा मालिनी से दूसरी शादी की। हेमा मालिनी के प्यार में पड़ने से पहले धर्मेंद्र का नाम टॉप हीरोइनों मीना कुमारी और सायरा बानो के साथ जुड़ा। कहते हैं कि 60 के दशक में धर्मेंद्र के कॅरियर को आकार देने में मीना कुमारी का बड़ा रोल था।

### 1987 में लगातार सात हिट फिल्में दी थीं

धर्मेंद्र ने 2011 में एक इंटरव्यू में पत्नी हेमा मालिनी के बारे में कहा था, 'हमारा साथ बहुत ही खूबसूरत रहा है। हमने साथ में कई फिल्में की हैं और कई हिट्स दी हैं। हमें सबसे पसंदीदा ऑन-स्क्रीन जोड़ी में से एक माना जाता है। हमारी केमिस्ट्री कमाल है और हम एक-दूसरे को बहुत अच्छे से कंप्लीट करते हैं। मुझे हमेशा उनके साथ काम करने में आनंद आया। वह सबसे खूबसूरत महिला हैं, जिन्हें मैं जानता हूं। वह बहुत ही केयरिंग हैं। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं।' धर्मेंद्र एकमात्र एक्टर हैं, जिन्होंने 1987 में लगातार 7 हिट फिल्में दी थीं। उन्हें साल 2012 में पद्म भूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। 1997 मे उन्हें फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

## खबर संक्षेप

### पेंशनरों को मिलेगा अतिरिक्त पेंशन का लाभ

**रायगढ़।** छग राज्य के वृद्ध पेंशनरों परिवार पेशनरों को अतिरिक्त पेंशन का लाभ प्रदान करने की शर्तो के सबंध में छग शासन वित्त विभाग द्वारा निर्देशित किया गया है। वृद्ध पेंशनरों को अतिरिक्त पेंशन का लाभ उस कलेण्डर माह के पहले दिन से देय होगी जिसमें यह देय होती है। उदाहरण के लिए यदि 15 जनवरी 1943 को जन्मे पेंशन भोगी परिवार पेंशन भोगी को जनवरी 2023 से मूल पेंशन के 20 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त पेंशन की पात्रता होगी। इसी प्रकार जनवरी 1943 को जन्में पेंशन भोगी परिवार पेंशन भोगी को 1 जनवरी 2023 से मूल पेंशन के 20 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त पेंशन की पात्रता होगी।

### पुलिस ने किया हेरोइन तस्कर को गिरफ्तार

**राउरकेला।** प्लांटसाइट थाना पुलिस ने मंगलवार को नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को हेरोइन की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि एसआई गिरिजा नंदिनी गार्डिया और उनकी टीम नियमित गश्त पर थी, तभी विश्वसनीय सूचना पर कांग्रेस भवन के पास स्थित सॉ मिल क्षेत्र में छापेमारी की गई। वहां आरोपी आकाश सोनकर 24, निवासी ट्रैफिक गेट, पंचमंदिर, राउरकेला को हेरोइन के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने उसके पास से 15 ग्राम 92 मिलीग्राम अवैध हेरोइन, एक हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक ऑडी 14 एके 6120 और एक मोबाइल बरामद किया। बताया गया है कि आरोपी बिना किसी वैध अनुमति के स्कूली और कॉलेज छात्रों तक नशे की आपूर्ति करता था। आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई मामले दर्ज हैं, जिसमें ब्रह्माणी तरंग थाना में धारा 363/366 आईपीसी तथा प्लांटसाइट थाना में विभिन्न धाराओं में अभियोग लंबित हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21(बी)25 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### विधायक प्रतिनिधि पहुंचे शोकाकुल परिवार के घर

**कोसीर।** बुधवार को स्व सहनूदास मानिकपुरी की दशगात्र था। इसमें बिलाईगढ़ विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे की विधानसभा प्रतिनिधि प्राण लहरे, हसवंत जांगड़े, उज्जैन रात्रे विधायक प्रतिनिधि, राजू दास महंत, राधेश्याम सुंदर साहू, मनोज कुमार साहू वार्ड पंच शोकाकुल परिवार में पहुंचे। बिरिछदास मानिकपुरी, श्रीमती सेवती बाई मानिकपुरी, उषीबाई मानिकपुरी, ग्राम पंचायत मधाईभाठा पहुंच कर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी।

### युक्तियुक्तकरण से बदली स्कूल की तस्वीर

**सारंगढ़।** विकासखंड बिलाईगढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला चचरेल में युक्तियुक्तकरण नीति लागू होने के बाद शिक्षा व्यवस्था में बहुत सुधार देखने को मिला है। कभी एकमात्र प्रधान पाठक के भरोसे संचालित यह विद्यालय अब दो शिक्षकों की उपस्थिति से नई ऊर्जा और उत्साह से भर गया है। विद्यालय में वर्तमान में 35 बच्चे अध्ययनरत हैं, जिनकी उपस्थिति और रुचि दोनों में वृद्धि हुई है। पहले शिक्षकों की कमी के कारण न तो पढ़ाई सुचारू रूप से चल पा रही थी और न ही अभिभावक बच्चों को नियमित रूप से भेजने में रुचि दिखा रहे थे। अब अतिरिक्त शिक्षकों की पदस्थापना से कक्षाओं का संचालन व्यवस्थित हुआ है और बच्चों की पढ़ाई में निरंतर सुधार हो रहा है। पालक नोहर सिंह ने बताया कि पहले एक शिक्षक होने से पढ़ाई प्रभावित हो रही थी, पर अब तीन शिक्षक होने से बच्चों का मन पढ़ाई में लगने लगा है। उन्होंने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अब वे निश्चिंत होकर बच्चों को विद्यालय भेज रहे हैं। युक्तियुक्तकरण से बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए "सकारात्मक और दूरदर्शी निर्णय" बताया। वहीं ग्रामीण नरसिंह नाग ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के बाद शिक्षण व्यवस्था में जो सुधार आया है, वह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। शिक्षक बच्चों को समर्पण भाव से पढ़ा रहे हैं और ग्रामीण भी समय-समय पर विद्यालय जाकर प्रगति की निगरानी कर रहे हैं। शिक्षा विभाग की यह पहल न केवल विद्यालय बल्कि पूरे गांव में शिक्षा के प्रति विश्वास और उम्मीद का संचार कर रही है।

## नगर निगम कर रहा सीसीटीवी से निगरानी फुटेज देखकर की कार्रवाई

# सड़क पर फेंका कचरा और छोड़ दिया गंदा पानी होटल और दुकानदार पर 5-5 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने और सड़क पर गंदगी फैलाने वालों पर रोक लगाने निगम ने सख्त रुख अपनाया है। स्वच्छता अभियान के तहत बुधवार को निगम की टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर सड़क पर कचरा व गंदा पानी फेंकने एवं सड़क निर्माण सामग्री रख सड़क बाधा के तीन मामले के विरुद्ध 15 हजार रुपए पेनाल्टी कार्रवाई की गई।

बुधवार की सुबह निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित निगम की टीम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सुभाष चौक मुख्य सड़क के किनारे कचरा पड़ा मिला। इस दौरान कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने चौक पर लगे सीसीटीवी को देखकर कचरा फेंकने वाले पर जुर्माना कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद सीसीटीवी खंगाला गया। सीसीटीवी में सुभाष चौक स्थित आलोक ड्रेस से बॉक्स में भरकर कचरा सड़क किनारे स्टाफ द्वारा फेंकने की बात सामने आई। इसपर आलोक ड्रेसेस के संचालक पर 5000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसी तरह एकार्ट होटल प्रबंधन द्वारा सड़क पर पानी बहाने और सफाई का अपशिष्ट सीधे सड़क पर छोड़ने पर 5000 रुपए एवं कोतरा रोड स्थित राधा कृष्ण मंदिर के बगल में बन रहे बिल्डिंग के निर्माण सामग्री सड़क पर रखने पर मकान मालिक लखन ठाकुर पर भी 5000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही है। जहां भी सड़क या सार्वजनिक स्थान पर गंदगी फैलाने, कचरा फेंकने या पानी बहाने की शिकायत मिलेगीए वहां तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर को कचरा मुक्त रखना और स्वच्छ रखना एवं सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने शहर के सभी व्यवसायियों एवं नागरिकों से अपने संस्थान और घरों के समान ही आसपास सफाई बनाए रखने और कचरा सड़क पर या इधर उधर नहीं फेंकने की बजाय घर-घर पहुंचने वाले निगम की स्वच्छता दीदियों के रिक्शा और वाहनों को ही सूखा और गीला कचरा अलग अलग देने की अपील की है।



निरीक्षण करने पहुंचे निगम आयुक्त और टीम।

### निगम प्रशासन ने दी चेतावनी

निगम प्रशासन द्वारा शहर के मुख्य चौक चौराहाए मुख्य सड़कों पर अब सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। ऐसे में सड़क किनारे कहीं पर भी कचरा दिखे तो आसपास के सीसीटीवी के एक्सेस को भी खंगाला जाएगा। इस आधार पर जिसके द्वारा भी सड़कों पर या अन्य सार्वजनिक स्थान, गली मोहल्ले में कचरा फेका जाएगा। उसपर सीधे तौर पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में ऐसे मामलों में जुर्माने की राशि बढ़ाई जा सकती है और बार-बार उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध एफआईआर व अन्य वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी।



## कलश यात्रा के साथ शुरु हुआ महालक्ष्मी पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

नगर के सोनार पारा में बुधवार को महालक्ष्मी पूजा को लेकर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण शामिल हुए।

महिलाओं ने शुभ कलश नगर के पहाड तालाब से लाकर एवं पुरोहित टीकाराम मिश्रा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापना मां महालक्ष्मी पंडाल पर किया गया। इसके लिए सुबह 11 बजे कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के विभिन्न मार्गो से गुजरती हुई कलश यात्रा पहाड़ तालाब पहुंची और यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरकर लक्ष्मी पंडाल पर रखा गया। जगह जगह कलश यात्रियों का स्वागत श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। 12 से 20 नवंबर तक संपन्न होने वाला महालक्ष्मी पूजन का यह 15 वर्ष है। सोनार पारा के द्वारा अगहन माह को लेकर महालक्ष्मी पूजा का आयोजन विशेष रूप से किया जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार अगहन माह माँ महालक्ष्मी की महीना माना गया है। इस माह को धन की देवी की विधि विधान से पूजा अर्चना करने से सुख शांति एवं समृद्धि मिलती है। मान्यता है कि इस माह महालक्ष्मी महीने भर पृथ्वी में विचरण करती हैं। यही वजह है कि अगहन माह में श्रद्धालु घर घर में पूजा करने साथ सार्वजनिक रूप से विधि विधान अनुसार सोनार पारा में भी पूजा पाठ करने पहुचते है। इसके लिए बुधवार को भव्य कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। माँ महालक्ष्मी पूजन समिति ने श्रद्धालुओं से अपील किया है कि 12 से 20 नवंबर तक संपन्न होने वाले महालक्ष्मी पूजन में शामिल होकर पुण्य के भागी बने।

## जुआंग जनजाति लैंगिक संतुलन की मिसाल, 54 गांवों में हैं निवासरत

**राउरकेला।** जहां पूरे देश और राज्य में महिलाओं की तुलना में पुरुषों की संख्या अधिक है, वहीं ओडिशा के केंदुझर जिले की आदिम जनजाति जुआंग समाज ने एक नई मिसाल कायम की है। इस जनजाति में महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक दर्ज की गई है, जो सामाजिक संतुलन और महिला सशक्तिकरण का सकारात्मक संकेत है।

केंदुझर एक आदिवासी बहुल जिला है, जहां जुआंग, भुइयाँ, संथाल, कोल्ह और बाथुड़ी जैसी जनजातियां निवास करती हैं। जिले की कुल जनसंख्या 18,01,733 है, जिनमें पुरुष 9,06,487 और महिलाएं 8,95,246 हैं। हालांकि जिले के स्तर पर महिलाओं की संख्या थोड़ी कम है, लेकिन जुआंग समाज ने इस प्रवृत्ति को उलट दिया है। जिले के 54 गांवों में निवासरत जुआंग जनजाति के 2583 परिवारों की कुल जनसंख्या 12,388 है, जिनमें 6,135 पुरुष और 6,253 महिलाएं हैं। यानी यहां हर 1000 पुरुषों पर 1019 महिलाएं हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यह अनुपात समाज में महिलाओं की बेहतर स्थिति और सामाजिक समानता का प्रतीक है। जुआंग जनजाति राज्य और देश के लिए लैंगिक संतुलन की एक प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरी है।



### सामल फार्मास्यूटिकल्स में छापेमारी, दवाई जब्त

**राजगांगपुर।** शहर के मेन रोड स्थित सामल फार्मास्यूटिकल्स दवा दुकान में सोमवार को औषधि विभाग की टीम ने अचानक छापेमारी कर दो पेटी दवाएं जब्त कीं। इस कार्रवाई ने स्थानीय व्यापारिक हलकों में हलचल मचा दी है। छापेमारी राउरकेला और सुंदरगढ़ के औषधि निरीक्षकों की संयुक्त टीम द्वारा राजगांगपुर पुलिस की सहायता से की गई। हालांकि छापेमारी के वास्तविक कारणों को लेकर अधिकारियों ने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी और औषधि निरीक्षक ने प्रतिक्रिया देने से इंकार कर दिया। सूत्रों के अनुसार कार्रवाई कई घंटों तक चली और बड़ी सावधानी के साथ दवाओं की जांच की गई। बताया जा रहा है कि राजगांगपुर क्षेत्र में कई दवा दुकानों के पास लाइसेंस नहीं हैं, वहीं कई दुकानें बिना प्रमाणित फार्मासिस्ट के संचालन में हैं।

## डिजिटल युग में सजगता ही सुरक्षा कवच : एसपी

- एसपी अमृतपाल का साइबर अपराधों से सतर्क रहने का आह्वान
- राजगांगपुर के आम जनों को दी डिजिटल सुरक्षा की सीख

**राजगांगपुर।** सुंदरगढ़ एसपी अमृतपाल कौर के निर्देशन में जिलेभर में साइबर अपराधों से लोगों को बचाव के प्रति जागरूक करने का विशेष अभियान जारी है। इसी क्रम में सोमवार को राजगांगपुर थाना क्षेत्र के वीर बिरसा मैदान में एक भव्य साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसपी अमृतपाल कौर ने दीप प्रज्वलित कर किया।

एनसीसी छात्रों ने लघु नाटिका के माध्यम से साइबर ठगी के तरीकों और उनसे बचने के उपायों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने साइबर सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए थाना परिसर पहुंचा, जहां नुक्कड़ सभा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर एसपी कौर ने नागरिकों, विद्यार्थियों और बुद्धिजीवियों को संबोधित करते हुए कहा कि ठग आजकल फोन कॉल, लिंक, क्यूआर कोड और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग कर लोगों से बैंकिंग जानकारी चुराते हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि किसी अज्ञात कॉल या लिंक पर जानकारी साझा न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र मुर्मू एसडीओपी विभूतिभूषण भोई, थाना प्रभारी विजय कुमार दास सहित बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे।

नागरिकों ने साइबर अपराधों से जुड़े सवाल पूछे जिनका अधिकारियों ने सरल और उपयोगी उत्तर दिया। समाजसेवी कमल अग्रवाल और अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की अध्यक्ष अनीता अग्रवाल ने एसपी का अभिनंदन किया। अंत में छात्रों के बीच पेयजल, चॉकलेट और बिस्किट का वितरण किया गया। एसपी कौर ने कहा की श्इस डिजिटल युग में सजगता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है।

## कलेक्टर ने लिया एनएच निर्माण कार्य का जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने भंवरपुर के पास निर्मित एनएच सड़क निर्माण का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ठेका कर्मी से सड़क में उपयोग किए जा रहे मटेरियल की जानकारी ली और गुणवत्ता के साथ सड़क निर्माण करने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि हरदी सारंगढ़ दानसरा बायपास तक लगभग 12 किमी सड़क मार्ग निर्माण किया जा रहा है।

इस कार्य में पेड़ कटाई, विद्युत खम्भे शिफ्टिंग, अतिक्रमण को हटाना एक साथ सयुंक्त दल द्वारा किया जा रहा है।

## बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने की मांग पर अड़ा आदिवासी समाज

- वीर बिरसा मुंडा जयंती कार्यक्रम की तैयारी पर विवाद
- कहा पहले नामकरण व प्रतिमा स्थापना हो तभी होगा आयोजन

**राउरकेला।** आगामी 15 नवंबर को वीर बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में सेक्टर 13 स्थित मिलन मैदान में प्रशासन द्वारा तैयारियां चल रही थीं, लेकिन मंगलवार को ईसाई समाज से जुड़े आदिवासी नेताओं ने मौके पर पहुंचकर लोकनिर्माण विभाग के कार्य को रोक दिया। उनका कहना है कि जब तक मैदान का नाम भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर नहीं रखा जाता और उनकी प्रतिमा स्थापित नहीं की जाती, तब तक यहां कोई समारोह नहीं होगा। आदिवासी नेता बेनेडिक्ट तिर्की ने कहा कि प्रशासन अगर सच में वीर बिरसा मुंडा का सम्मान करना चाहता है तो पहले मिलन मैदान को उनके नाम से नामित करें। उन्होंने यह भी कहा कि बिरसा चौक में पहले से ही बड़ी प्रतिमा स्थापित है, इसलिए वहीं पर आयोजन होना चाहिए। वहीं आदिवासी समाज के सुशील किंडो ने सवाल उठाया कि राउरकेला स्टील प्लांट की अधीन भूमि पर लोकनिर्माण विभाग कार्य क्यों कर रहा है। आदिवासी नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बातचीत के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला।

## कुपोषित मासूम की लौटाई मुस्कान

**कोसीर।** जिला अस्पताल सारंगढ़ की पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी टीम ने कुपोषण से पीड़ित दो वर्षीय बच्ची का सफल उपचार कर उसे नया जीवन प्रदान किया है। बच्ची अत्यंत कमजोर और बार-बार बीमार रहती थी। जिला अस्पताल में भर्ती कर जांच की गई तो उसे गंभीर कुपोषण की स्थिति में पाया गया। भर्ती के बाद चिकित्सकों की टीम ने लगातार 15 दिनों तक विशेष उपचार और पोषण युक्त आहार उपलब्ध कराया। बच्ची को नियमित रूप से एफ-75 एवं एफ-100 डाइट, आवश्यक दवाइयाँ, टीकाकरण और चिकित्सीय निगरानी दी गई। धीरे-धीरे उसका स्वास्थ्य सुधारने लगा, वजन बढ़ा और चेहरा फिर से खिल उठा। मासूम के परिजनों ने बताया कि अब बच्ची पहले से कहीं अधिक स्वस्थ है और सामान्य गतिविधियाँ करने लगी है। इस उपचार में सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. भारती पटेल, सरला कुर्रे, भुवनेश्वरी पटेल, सहित पोषण पुनर्वास केंद्र की पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सारंगढ़ में होगी 5 रेत खदानों की नीलामी



**कटेली।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के 5 रेत खदान जसपुर, दहिदा, बरगांवए मिरचिद अ और मिरचिद ब के 4.99 हेक्टेयर रकबा क्षेत्र का उत्खनन पट्टा आबंटन किया जाएगा। इलेक्ट्रानिक नीलामी रिवर्स आक्शन के माध्यम से उत्खननपट्टा आबंटन के लिए हेतु अर्हता प्राप्त इच्छुक बोलीदारों से इलेक्ट्रानिक नीलामी रिवर्स आक्शन के लिए तकनीकी एवं वित्तीय बोली आज जमा किया जाएगा। बोलियां केवल आनलाईन पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। ई नीलामी में के लिए आवश्यक दस्तावेज में आधार कार्ड, पेनकार्ड, निवास पत्र, पॉवर ऑफ़ अटॉरनी फर्म, कम्पनी, जीएसटी फर्म, कम्पनी, पेन कार्ड, खनिज बकाया के संबंध में शपथ पत्र, नो ड्यूज शपथ पत्र, कैंसिल चेक, डिजिटल सिग्नेचर, मोबाईल नंबर, ईमेल, बैंक खाता विवरण शामिल है।

## वाटर क्लीनिंग एसयूवी अनमैंड सर्फेस व्हीकल पर आधारित है पार्थ का शोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



- मात्र तीन महीनों के भीतर दूसरा पेटेंट प्राप्त कर उन्होंने यह साबित किया

शोधकर्ता पार्थ विश्वास पर्यावरण तकनीक विशेषज्ञों में अपना नाम दर्ज करा रहे हैं। मात्र तीन महीनों के भीतर दूसरा पेटेंट प्राप्त कर उन्होंने यह साबित किया है कि स्वदेशी शोध कार्य भारत के जल प्रदूषण संकट के लिए नई उम्मीद बन सकता है।

उनका नवीनतम पेटेंट एक अत्याधुनिक एआई आधारित ऑटोनोमस वाटर क्लीनिंग एसयूवी अनमैंड सर्फेस व्हीकल पर आधारित है, जो नदियों, झीलों और तालाबों में तैरते प्लास्टिक कचरे को पहचानकर इकट्ठा करता है और आगे उसे क्रूड ऑयल में बदलने की व्यवस्था से जोड़ने में सक्षम है। यह तकनीक भारत जैसे देश के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जहाँ बड़े शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों दोनों में जल प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। आज भी अधिकांश सफाई नौकाएं पानी से प्लास्टिक निकालकर उसे जमीन पर फेंक देती हैं, जिससे वही कचरा दोबारा पानी में लौट आता है।

पार्थ विश्वास की तकनीक इस पूरी प्रक्रिया को स्थायी रूप से समाप्त करने का लक्ष्य रखती है। उनका यूएसवी सिस्टम एआईं स्मार्ट नेविगेशन, ऑब्स्टेकल अवॉयडेंस, रियल टाइम वेस्ट मैपिंग और रोबोटिक्स का उपयोग करता है, जिससे कई रोबोट एक साथ मिलकर बड़ी जल सतहों की सफाई कर सकते हैं। सिस्टम का विशेष मॉड्यूलर डेक डिजाइन इसे भविष्य के शोध और पर्यावरण परियोजनाओं के लिए भी उपयोगी बनाता है।

